parag
NURTURES

# लाइब्रेरी एजुकेटर सर्टिफ़िकेट कोर्स

हिन्दी

सितम्बर 2023 से अप्रैल 2024



पराग का लाइब्रेरी एजुकेटर्स कोर्स - लाइब्रेरीज़ में, समुदाय में और स्कूलों में बच्चों व किताबों के साथ काम करने वाले व्यक्तियों के लिए अपनी तरह का एक बहुत ही उपयोगी प्रोफ़ेशनल डेवलपमेंट कोर्स रहा है।

# कोर्स विवरण

Library Educators Course 2023



एलईसी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लाइब्रेरी और स्कूलों में बच्चों और बाल साहित्य से सरोकार रखने वाले व्यक्ति -

- लाइब्रेरी को एक ऐसी जगह के रूप में देख पाएँ जहां विविध प्रकार के बाल साहित्य और किताबों को पढ़ने की प्रक्रिया और उससे मिलने वाले आनंद को विस्तारित रूप दिया जा सके।
- वे बच्चों , स्कूल और समुदाय आधारित जरूरतों के प्रति संवेदनशील बनें और उनके लिए काम करने में सक्षम हों।
- लाइब्रेरी और बाल साहित्य के क्षेत्र से अपना जुड़ाव बनाए रखें और इस क्षेत्र में सीखने के अवसरों को खोजने में सक्षम बनें।

पराग 2023 में एल ई सी का नवां बैच चलाएगा।



# एल ई सी का क्या प्रयास है?

बच्चों के लिए साहित्य को सजीव बनाने की समझ विकसित कर पाना

किताबों से जुड़ाव पैदा करने की क्षमता विकसित करना

किताबों से संबंधित सार्थक गतिविधियां आयोजित कर पाने के अनुभव

बढ़िया और स्तरीय साहित्य चुनने का नजरिया बनाना

लाइब्रेरी एजुकेटर्स के व्यापक समुदाय से जुड़ाव बना पाना

बच्चों व अध्यापकों की सहभागिता सुनिश्चित करना

बच्चों की विविध रुचियों को समझने की क्षमता विकसित कर पाना

विषय संबंधी अधिगम में योगदान के लिए लाइब्रेरी का इस्तेमाल समझना

लाइब्रेरी को एक लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में देखना

लाइब्रेरी प्रैक्टिसेज़ के कौशल व समझ में विकास

# कोर्स के उद्देश्य

कोर्स पूर्ण होने के उपरांत यह उम्मीद रख सकते हैं, कि सभी प्रतिभागी:

1. किताबों से जुड़ाव को विकसित करने के लिए लाइब्रेरी की कार्य योजना बनाकर उसे लागू कर पाएं।
2. बाल साहित्य में विविधिता व विभिन्नता को ध्यान में रखते हुए, लाइब्रेरी संग्रह को स्थापित व विकसित कर पाएं।
3. बच्चों के पाठक बनने के सफर में लाइब्रेरी और किताबों की भूमिका को गहराई से समझ पाएं।
4. लाइब्रेरी के संचालन में सहभागिता की पहल कर पाएं।
5. खुद को बतौर पाठक देख पाएं और किताबों से एक जुड़ाव बना पाएं।
6. लाइब्रेरी कार्य के महत्वपूर्ण तत्वों को पहचान कर उनमें लगातार नयापन लाने की कोशिश कर, लाइब्रेरी की जीवंतता को बनाये रखेंगे

# कोर्स मॉड्यूल

कोर्स के मॉड्यूल 4 इकाइयों में रखे गए हैं, जो इस प्रकार हैं -

- **यूनिट 1: पुस्तकालय की जरूरत और परिकल्पना**
  पुस्तक संस्कृति का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य
  पुस्तकालय के लिए नज़रिया
  पुस्तकालय के आयामों की अवधारणा
  विभिन्न तरह के पुस्तकालय

- **यूनिट 2: पढ़ने का सफ़र**
  खुद को पाठक की तरह मानते हुए अपने पढ़ने के सफर की पड़ताल
  साहित्य के जरिए खुद में झांक पाना और दुनिया को देखना
  पढ़ने की प्रक्रिया में पुस्तकालय की भूमिका
  पढ़ने की प्रक्रिया में सामाजिक- सांस्कृतिक पहलू का महत्व

- **यूनिट 3: साहित्य से जुड़ाव**
  साहित्य की जीवन में जगह
  साहित्य में प्रतिनिधित्व
  साहित्य की परख और अच्छे बाल साहित्य का चुनाव
  पुस्तकालय में साहित्य संग्रह- वर्गीकरण

- **यूनिट 4: पुस्तकालय का स्वरुप और माहौल**
  किताबों के इर्द गिर्द तमाम तरह की गतिविधियाँ और खेल
  पुस्तकालय में पढ़ने लिखने के मौके और प्रिन्ट समृद्ध वातावरण
  पुस्तकालय के आयामों की पड़ताल
  पुस्तकालय की बेहतरी के लिए आकलन और कार्ययोजना

# कोर्स की रूपरेखा

- एक बैच में 30 से 35 प्रतिभागी होंगे।
- कोर्स का माध्यम और पठन सामग्री की भाषा हिन्दी होगी।
- यह कोर्स मिश्रित पद्धति से चलाया जाएगा। 7 महीने के इस कोर्स में कुल 13 दिन की अवधि के 3 कान्टैक्ट सत्र होंगे। इनके बीच डिस्टेंस पीरियड होगा जिसके दौरान प्रतिभागी कोर्स के लिए चुनी गई पाठ्यसामग्री पढ़ेंगे और अपने असाइनमेंट व फील्ड प्रॉजेक्ट करेंगे।
- डिस्टेंस पीरियड में प्रतिभागी अपने मेंटर के साथ जुड़े रहेंगे। प्रत्येक 15 दिनों में एक बार या दो बार ऑनलाइन माध्यम से मेंटर के साथ संवाद होगा।
- 3 से 5 प्रतिभागियों के लिए एक मेंटर होगा।
- डिस्टेंस पीरियड के दौरान कोर्स फ़ैकल्टी व प्रतिभागियों के बीच ई मेल / मूडल जैसे ऑनलाइन माध्यमों जैसे ऑनलाइन चर्चा फ़ोरम के माध्यमों से नियमित सम्पर्क व संवाद के अवसर होंगे।
- कान्टैक्ट सत्रों के दौरान व्यावहारिक और सैद्धांतिक चर्चाओ के साथ फील्ड विज़िट के अवसर।
- प्रतिभागियों के लिए प्रत्येक कान्टैक्ट सत्र ऐसे माहौल में आयोजित किये जाएंगे जहां चुनिन्दा बाल साहित्य के एक समृद्ध संग्रह देखने- समझने और उसपर चर्चा के अवसर मिलेंगे।

# कोर्स फ़ैकल्टी

कोर्स फ़ैकल्टी, बाल साहित्य और लाइब्रेरी कार्यक्रमों में सक्रियता से शामिल लोगों का एक समूह है। कोर्स फ़ैकल्टी, इस कोर्स में मेंटर के रूप में भी सहयोग करेंगे और डिस्टेंस अवधि के दौरान भी कोर्स में भागीदारी और जुड़ाव तथा सैद्धांतिक और प्रायोगिक समझ को लगातार विकसित करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इनके अलावा हम ऐसे विशेषज्ञों को भी गेस्ट फ़ैकल्टी के रूप में आमंत्रित करते हैं जिनकी बाल साहित्य एवं लाइब्रेरी के क्षेत्र में विशेष समझ एवं दक्षता है।

# यह कोर्स किसके लिए है?

यह कोर्स उन लोगों के लिए है जो लाइब्रेरी के क्षेत्र में गहरी समझ बनाना चाहते हैं और अपने काम के जरिए बच्चों को पढ़ने के आनंद से जोड़ना चाहते हैं।

कोर्स के आवदकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे निम्नांकित बातों का खयाल रखें -

- आपके पास लाइब्रेरी कार्य के साथ साहित्य एवं बच्चों के साथ गहराई से जुड़ने के लिए रुचि, प्रतिबद्धता और अवसर हों।
- आप कोर्स रीडिंग्स पढ़ने और असाइनमेंट्स लिखने को लेकर हिन्दी भाषा में आसानी महसूस करते हों। हालांकि जरूरत होने पर अंग्रेजी में पढ़ने और लिखने की सुविधा होगी।
- कोर्स को पूरा करने के लिए आपको सप्ताह भर में 5 से 7 घण्टे का वक्त देना पड़ सकता है। (इसमें मेन्टर के साथ बातचीत में लगने वाला समय सम्मिलित है)। हर सप्ताह में कोर्स से जुड़ा कोई न कोई काम चल रहा होगा।
- आप प्रोफ़ेशनल डेवलपमेंट के लिए स्व-अध्ययन एवं इसमें समय लगाने को तैयार हों।

# मूल्यांकन

कोर्स में प्रतिभागियों की सहभागिता और कार्य के मूल्यांकन के लिए विभिन्न आयामों को पूर्ण करना आवश्यक होगा। ये पाँच आयाम इस प्रकार हैं –

- सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक असाइनमेंट्स
- सम्पर्क सत्रों में भागीदारी
- अंतराल अवधि में स्व-अध्ययन एवं समूह चर्चाओं में भागीदारी
- ऑनलाइन मूडल प्लेटफ़ॉर्म पर परिचर्चाओं में भागीदारी
- फील्ड प्रॉजेक्ट

# पराग कार्यक्रम के बारे में

पराग कार्यक्रम बच्चों की किताबों तक पहुंच और उपलब्धता को सुगम बनाने और साहित्य को हर बच्चे के बचपन का अभिन्न अंग बनाने के लिए समर्पित है। भारतीय भाषाओं की बाल पुस्तकों और बाल साहित्य के विकास व प्रसार में मदद देना इस कार्यक्रम का एक प्रमुख उद्देश्य है। अपने साझीदारों की मदद से यह कार्यक्रम पुस्तकालयों को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयासरत है ताकि किताबों के साथ बच्चों का सार्थक जुड़ाव बनाया जा सके और फलस्वरूप उनकी साक्षरता व अधिगम में मदद मिले।

हम चाहते हैं कि लाइब्रेरियन, अध्यापक और लाइब्रेरी एजुकेटर्स लाइब्रेरी को एक खुली, सक्रिय और रचनात्मक जगह के रूप में देखें। इससे बच्चों में पढ़ने और सीखने के प्रति आजीवन रुचि पैदा करने में भी मदद मिलेगी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पराग कार्यक्रम के तहत लाइब्रेरी कर्मियों के लिए उपयुक्त क्षमतावर्धन कार्यक्रम और मॉड्यूल तैयार किये गए हैं।

parag
NURTURES

# कोर्स की फीस

- कोर्स की कुल फीस 25000 (पच्चीस हजार) रुपये है।
- फीस दो किश्तों में जमा करने की सुविधा होगी (पहली किश्त 15,000 रुपये, जोकि पहले कान्टैक्ट सत्र से पहले जमा करनी होगी एवं दूसरी किश्त 10,000 रुपये जोकि दूसरे कान्टैक्ट सत्र से पहले जमा करनी होगी)।
- बहुत आवश्यक होने एवं पात्र पाए जाने पर फीस में सीमित रियायत का प्रावधान होगा।

# सर्टिफ़िकेट

इस कोर्स के दौरान प्रतिभागियों को चर्चा व समीक्षाओं में भाग लेना होगा, असाइनमेंट और फील्ड प्रोजेक्ट समय पर जमा करने होंगे और उन सभी के मूल्यांकन के आधार पर सर्टिफ़िकेट दिया जाएगा। सभी कांटेक्ट सत्रों में हाज़िरी अनिवार्य है मगर केवल हाज़िरी पूरी करने से आवेदक सर्टिफ़िकेट के हकदार नहीं होंगे।

# अवधि और समय सारणी

सात महीने का यह कोर्स
24 सितम्बर 2023 से शुरू होगा

### सितम्बर

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

पहला कान्टैक्ट –
24 से 29 सितम्बर 2023

### अक्टूबर

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

पहला असाइनमेंट जमा की तारीख
31 अक्टूबर 2023

### नवम्बर

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | |

दूसरा असाइनमेंट जमा की तारीख
30 नवंबर 2023

### दिसंबर

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

वेबिनार
5 दिसंबर 2023

### जनवरी

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

दूसरा कान्टैक्ट –
7 से 12 जनवरी 2024

### फरवरी

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | | |

फील्ड प्रस्ताव जमा की तारीख
5 फरवरी 2024

तीसरा असाइनमेंट जमा की तारीख
29 फरवरी 2024

### मार्च

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

फील्ड प्रॉजेक्ट रिपोर्ट जमा की तारीख
31 मार्च 2024

### अप्रैल

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

तीसरा कान्टैक्ट
7 से 10 अप्रैल 2024

| सप्ताह | विवरण | तारीख |
|---|---|---|
| सप्ताह 1 | पहला कान्टैक्ट पीरियड | 24 से 29 सितम्बर 2023 |
| सप्ताह 2 से सप्ताह 14 | स्व-अध्ययन के लिए डिस्टेंस अवधि | • असाइनमेंट 1 जमा करने की तारीख : 31 अक्टूबर 2023<br>• असाइनमेंट 2 जमा करने की तारीख : 30 नवंबर 2023<br>• वेबिनार : 5 दिसम्बर 2023 |
| सप्ताह 15 | दूसरा कान्टैक्ट पीरियड | 7 से 12 जनवरी 2024 |
| सप्ताह 16 से सप्ताह 27 | स्व-अध्ययन के लिए डिस्टेंस अवधि इसी अवधि में फील्ड वर्क भी किया जाएगा | • फील्ड प्रस्ताव जमा करने की तारीख : 5 फरवरी 2024<br>• असाइनमेंट 3 जमा करने की तारीख : 29 फरवरी 2024<br>• फील्ड प्रॉजेक्ट रिपोर्ट जमा करने की तारीख : 31 मार्च 2024 |
| सप्ताह 28 | तीसरा कान्टैक्ट पीरियड | 7 से 10 अप्रैल 2024 |

# आवेदन प्रक्रिया

आवेदन पत्र एवं प्रॉस्पेक्टस  इस लिंक पर मिलेंगे :
https://www.paragreads.in/parag-nurtures/library-educators-course/lec-2023

---

आवेदन पत्र इस लिंक पर भरकर जमा किया जा सकता है :
https://forms.gle/65jLFNjrSeNDvNN99

---

अपना टाइप किया हुआ आवेदन पत्र अंतिम तारीख तक इस ई- मेल पते पर भेज सकते हैं
lecnewparag@gmail.com

---

आवेदन पत्र ऑनलाइन ही भरें। इसकी हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी

---

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 30 अगस्त 2023 है

---

वेबसाइट www.paragreads.in/parag-nurtures/library-educators-course
ईमेल lecnewparag@gmail.com
फ़ोन 9993455492

Library Educators Course 2023